
देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 107 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...जिंदगी बुरी तरह प्रभावित



# पेज थ्री

देहरादून, शुक्रवार, 24 जुलाई 2020



मौसम अधिकतम 31.0° न्यूनतम 23.0°

38140.47

2 चीनी दूतावास को बंद करे भारत

7 हैपी बर्थडे युजवेंद्र चहल

## संक्षिप्त समाचार

### मास्क नहीं तो 1 लाख जुर्माना, 2 साल जेल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

रांची। झारखंड मंत्रिपरिषद ने आज झारखंड संक्रामक रोग अध्यादेश 2020 समेत 39 प्रस्तावों को मंजूरी दे दी। इस अध्यादेश के तहत कोरोना वायरस संक्रमण को लेकर स्वास्थ्य विभाग और आईसीएमआर द्वारा जारी दिश-निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकेगी। इसके तहत एक लाख रुपये तक जुर्माना और दो वर्ष सश्रम कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है। हाल के कुछ दिनों में झारखंड में कोरोना के मामले तेजी से बढ़े हैं। सरकार का मानना है कि लोगों की लापरवाही ने इसमें बड़ी भूमिका निभाई है।

### सुको ने राजस्थान पर सोमवार तक बढ़ाया सस्पेंस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। राजस्थान के स्पीकर की अर्जी पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की है कि क्या चुने गए प्रतिनिधि अपनी असहमति नहीं जता सकते? अगर असहमति को दबाया जाएगा तो लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान हाई कोर्ट से कहा है कि वह 24 जुलाई को अपना आदेश पारित करें लेकिन आदेश सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर निर्भर करेगा। सुप्रीम कोर्ट आगे की सुनवाई सोमवार को करेगी।

### आरबीआई कब तक सरकार को देगा उधार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कोरोना संकट के समय रिजर्व बैंक द्वारा मोनेटाइजेशन प्रोग्राम पर सवाल उठाते हुए कहा कि इसकी बड़ी कीमत होती है और यह समस्या का स्थाई समाधान नहीं हो सकता है। राजन ने कहा कि आर्थिक नरमी के बीच केंद्रीय बैंक अतिरिक्त नकदी के एवज में सरकारी बॉन्ड की खरीद कर रहा है और अपनी देनदारी बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि कई उभरते बाजारों में केंद्रीय बैंक इस प्रकार की रणनीतिक अपना रहे हैं लेकिन यह समझना होगा कि मुफ्त में कुछ नहीं मिलता।

# महिला अफसरों को भी स्थायी कमीशन

## केंद्र सरकार ने जारी कर दिया नोटिफिकेशन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। अब सेना में महिला अधिकारियों को भी पर्मानेंट कमीशन मिलेगा। सरकार ने इस संबंध में नोटिफिकेशन गुरुवार को जारी कर दिया है। इंडियन आर्मी ने इसकी जानकारी दी। सेना के प्रवक्ता कर्नल अमन आनंद ने बताया कि सरकार के आदेश से महिला अधिकारियों को आर्मी में बड़ी भूमिका निभाने का रास्ता खुल गया।

**प्रक्रिया जल्द ही शुरू:** कर्नल आनंद ने कहा कि नए आदेश के पालन के लिए जल्द ही सेलेक्शन बोर्ड तैयार हो जाएंगे। उन्होंने कहा, इनए आदेश के दायरे में आने वाली सभी एसएससी महिला ऑफिसर जैसे ही उपयुक्त दस्तावेज तैयार कर लेंगी, वैसे ही उनके सेलेक्शन बोर्ड जल्द ही शेड्यूल कर दिए जाएंगे। लंबे समय से हो रही थी मांग

■महिला अधिकारियों को आर्मी में बड़ी भूमिका निभाने का रास्ता खुला

ध्यान रहे कि सेना में महिला अफसरों को स्थायी कमीशन पर रखने की मांग काफी वक्त से की जा रही थी। मामला सुप्रीम कोर्ट में भी गया और देश की शीर्ष अदालत ने इस मामले को लेकर केंद्र सरकार को लताड़ लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को तीन महीने का मौका दिया था।

**सुप्रीम कोर्ट की हरी झंडी**

सुप्रीम कोर्ट ने इस साल फरवरी में महिलाओं के पर्मानेंट कमीशन देने का फैसला सुनाया था। अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि सभी नागरिकों को अवसर की समानता, लैंगिक न्याय का सिद्धांत सेना में महिलाओं की भागीदारी का मार्गदर्शन करेगा।

**पर्मानेंट कमीशन से क्या फायदा?** दरअसल, पर्मानेंट कमीशन वाले ऑफिसर रिटायरमेंट की उम्र तक सर्विस में रहते हैं जबकि शॉर्ट सर्विस कमीशन के जरिए किसी कैंडिडेट की भर्ती 10 साल तक के लिए ही होती है। हालांकि, उनका सर्विस पीरियड 14 साल तक बढ़ाया जा सकता है। साथ ही, पुरुष ऑफिसरों को पर्मानेंट कमिशन में आने का विकल्प मिला करता था। अब महिलाओं को भी यह विकल्प मिलने का रास्ता साफ गया।

### खुले सेना के सभी 10 विभागों के दरवाजे



कर्नल आनंद ने कहा, आदेश में स्पष्ट तौर पर आर्मी के सभी 10 विभागों में शॉर्ट सर्विस कमीशन (एसएससी) पर आईं महिलाओं को पर्मानेंट कमीशन देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। उन्होंने कहा कि जिन 10 विभागों में महिला अधिकारियों को पर्मानेंट कमीशन ऑफर किया जा रहा है, उनमें आर्मी एयर डिफेंस, सिग्नल्स, इंजीनियर्स, आर्मी एविएशन, इलेक्ट्रॉनिक्स और मकैनिकल इंजीनियर्स, आर्मी सर्विस कॉर्प्स और इंटेलिजेंस कॉर्प्स शामिल हैं।

### अब तक इन्हीं विभागों में मिलता था पर्मानेंट कमीशनें

आर्मी में महिला अफसरों को अब तक जज ऐंड एडवोकेट जनरल और आर्मी एजुकेशनल कॉर्प्स , इन्हीं दो विभागों में ही पर्मानेंट कमिशन का मौका उपलब्ध था। अब सरकार के आदेश के बाद इस दायरे का काफी विस्तार हो गया। हालांकि, अब भी महिलाओं को युद्ध अभियानों के लिए स्थाई नियुक्ति नहीं दी जाएगी।

**ट्रेनिंग की जगह में भी अंतर**

एक और अंतर यह है कि पर्मानेंट कमीशन के जरिए भर्ती होने वाले कैंडिडेट्स नैशनल डिफेंस अकेडमी, पुणे और इंडियन मिलिट्री अकेडमी में ट्रेनिंग लेते हैं जबकि एसएससी की भर्ती ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकेडमी, चेन्नै भेजे जाते हैं।

# फिर धोखा,नहीं मान रहा चालबाज चीन

## एलएसी पर तैनात कर रखें हैं 40 हजार सैनिक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। चालबाज चीन अपनी नापाक हरकतों से अभी भी बाज नहीं आ रहा है। लद्दाख में जारी तनाव के बात भारत के कई दौर की बातचीत कर चुका ड्रैगन अपने वादों से लगातार मुकर रहा है और वास्तविक नियंत्रण रेखा से अपने सैनिकों को नहीं हटा रहा है। सरकारी सूत्रों ने बताया कि पेइचिंग अपने वादे से पीछे हट रहा है।

गलवान घाटी में 15 जून की रात भारत और चीनी सेना के संघर्ष में भारत के 20 जवान शहीद हुए थे जबकि चीन के 40 सैनिक मारे गए थे। इस खूनी झड़प के बाद दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया।

फिर बाद में दोनों देशों ने तनाव कम करने के लिए कई दौर की सैन्य बातचीत की। इन बैठकों में कई वादे करने के बाद भी चीन उसे पूरा नहीं कर रहा है। ड्रैगन ने गोगरा और पैंगोंग के फिंगर क्षेत्र के विवादित इलाकों से अभी अपने सैनिकों को वापस नहीं बुलाया है।

सूत्रों ने बताया कि गलवान घाटी, हॉट स्प्रिंग इलाके में चीनी सैनिक पीछे जरूर गए हैं लेकिन गोगरा और डेस्पांग इलाके से पीएलए पीछे नहीं हटी है, जबकि उसे ऐसा करना था। उन्होंने बताया कि ऐसा लगता है कि चीन की मंशा फिंगर 5 से पीछे जाने की नहीं है। इस बीच न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से बताया कि चीन ने अपने सैनिकों को हटाने की कोई मंशा नहीं दिखाई है।

एलएसी पर 40 हजार सैनिक भारी हथियारों के साथ अभी बरकरार हैं। चीनी सेना लंबी दूरी तक मार करने वाले हथियारों के साथ तैनात हैं।

### भारत और चीन के बीच जारी है तनाव

14-15 जुलाई को दोनों पक्षों के बीच हुई बातचीत के दौरान इस बात पर सहमति बनी थी कि दोनों पक्ष सैनिकों को पीछे हटाएंगे। लेकिन उसके बाद से कोई प्रगति नहीं हुई है।



# कोरोना वायरस की खतरनाक 'रफ्तार'

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में कोविड-19 के एक दिन में सर्वाधिक 45,720 नए मामले सामने आने के बाद गुरुवार को देश में संक्रमितों की कुल संख्या 12 लाख के को पार कर गई। वहीं 1,129 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 29,861 हो गई। हेल्थ मिनिस्ट्री ने बताया कि तीन दिन के अंदर ही कोविड-19 के मामले 11 लाख से 12 लाख के पार पहुंच गए हैं।

आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में जिन 1,129 लोगों की मौत हुई है, उनमें से सबसे अधिक 518 लोग तमिलनाडु के थे। इसके बाद महाराष्ट्र में 280, आंध्र प्रदेश में 65, कर्नाटक में 55, पश्चिम बंगाल में 39, उत्तर प्रदेश में 34, दिल्ली में 29, गुजरात में 28, मध्य प्रदेश में 14, जम्मू-कश्मीर में 10, तेलंगाना और झारखंड में नौ-नौ, हरियाणा में आठ, असम, पंजाब तथा राजस्थान में छह-छह, ओडिशा में पांच, गोवा तथा उत्तराखंड में दो-दो, केरल, पुडुचेरी, त्रिपुरा और चंडीगढ़ में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई।

### कोरोना अपडेट

■कोरोना के रेकॉर्ड 45,720 केस, 1100 से ज्यादा मौत



**63.18 प्रतिशत है देश का रिकवरी रेट**

अब देश में अब केविड-19 के 12,38,635 मामले हैं, जिनमें से 7,82,606 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। देश में अभी 4,26,167 लोगों का कोरोना वायरस का इलाज चल रहा है। देश में कोविड-19 के मरीजों के ठीक होने की दर अभी 63.18 प्रतिशत है।


*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# राफेल में हैमर मिसाइलें भी लगेंगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। चीन के साथ जारी तनाव के बीच संभावित युद्ध के लिए भारत पूरी तरह कमर कस चुका है। इसकी एक और बानगी भारतीय वायुसेना के ताजा फैसले में देखी जा सकती है। सेना ने भारत आ रहे राफेल युद्धक विमानों को मारक क्षमता बढ़ाने के लिए इसे हैमर मिसाइलों से लैस करने का आदेश फ्रांस को देने जा रहा है। हैमर मिसाइल 60 से 70 किमी की रेंज में किसी भी तरह के लक्ष्यों को ध्वस्त कर देती है।

**राजी**

शॉर्ट नोटिस पर डिलिवरी देने को तैयार हुआ फ्रांस

वायुसेना ने हाल ही में मोदी सरकार से मिले विशेष अधिकार का इस्तेमाल करते हुए राफेल को और ज्यादा घातक बनाने में कर रही है। फ्रांस को इस विमान में हैमर मिसाइल लगाने का आपातकालीन आदेश देने के लिए जरूरी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। सरकारी सूत्रों ने बताया, श्हैमर मिसाइल के लिए ऑर्डर की प्रक्रिया चल रही है। फ्रेंच अथॉरिटीज ने भी बहुत कम वक्त में राफेल युद्धक विमान के लिए इन मिसाइलों की आपूर्ति पर राजी हो गई हैं।